आकाशवाणी श्री विजयपुरम

28.01.2026 समय : 1905

- राश्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाशण से भाुरू हुआ संसद का बजट सत्र। उन्होंने नए अधिनियम विकसित भारत जी राम जी पर कहा कि यह भ्रश्टाचार को रोकने में सहायक होगा।
- केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने CISF की साढ़े छह हजार किलोमीटर लम्बी तटीय साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली से रवाना किया।
- मायाबन्दर में स्मार्ट फि”ंग हार्बर परियोजना को केन्द्र सरकार की सहमति दिए जाने पर द्वीप समूह की भारतीय जनता पार्टी ने आभार जताया।
- दक्षिण अंडमान के प्राथमिक विद्यालयों के लिए फुटबॉल–लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन तीन फरवरी से होगा।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के अंतर्गत गांव में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है। यह भ्रष्टाचार और गबन को रोकने में भी सहायक होगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से आज सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लगभग पंचानबे करोड़ भारतीयों को मिल रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि 2025 में भारत का रक्षा उत्पादन 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत इस दशक के अंत तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त कर लेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने आज नई दिल्ली से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की दूसरी कोस्टल साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका समापन 22 फरवरी को होगा। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने सी आई एस एफ की वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन को रवाना करते हुए कहा कि इसका आयोजन राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है। इस साइकिल रैली का समापन कोच्चि (केरल) में होगा। यह रैली लगभग 6500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, "CISF भारत के पोर्ट आधारित विकास समुद्री व्यापार और तटीय बुनियादी ढ़ांचों को मजबूत करने के प्रयासों में आगे है। इस दूसरे संस्करण का प्रमुख उद्देश्य वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर राष्ट्र भक्ति और राष्ट्रीय चेतना का उत्सव मनाना है।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत शाखा MSME–DFO द्वारा श्री विजयपुरम स्थित आईटीएफ ग्राउंड में पीएम विश्वकर्मा ट्रेड फेयर का आज शुभारम्भ हुआ। यह ट्रेड फेयर पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों, शिल्पकारों और सूक्ष्म उद्यमियों को प्रत्यक्ष बाज़ार उपलब्ध कराना है। इस अवसर उद्योग सचिव पल्लवी सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। ट्रेड फेयर में पीएम विश्वकर्मा पहल के अंतर्गत कुल 70 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें स्थानीय कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिससे स्वदेशी उत्पादों और पारंपरिक कौशल के प्रति जनसमर्थन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। यह ट्रेड फेयर कारीगरों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक बेचने, बाज़ार से जुड़ने और आय के अवसर बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। आम जनता से मेले में आकर स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की

अपील की गई है। उद्घाटन कार्यक्रम में उद्योग निदेशालय के निदेशक अतुल सोनी, **UTLBC** के मुख्य प्रबंधक उमर फारूक, नाबार्ड के उप महाप्रबंधक प्रताप तथा शाखा **MSME–DFO**, श्री विजयपुरम के सहायक निदेशक (प्रभारी) जी. के. सिन्हा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। यह आयोजन 30 जनवरी तक जारी रहेगा।

<><><><><><>

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने मायाबंदर में स्मार्ट एवं एकीकृत फिशिंग हार्बर परियोजना को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से विशेष रूप से मछुआरा समुदाय और मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों में खुशी की लहर है तथा इससे द्वीपसमूह में मत्स्य अवसंरचना के विकास को नई दिशा मिलेगी। मत्स्य विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने अंडमान निकोबार प्रशासन के "मायाबंदर में स्मार्ट एवं एकीकृत फिशिंग हार्बर के विकास" प्रस्ताव को एक सौ निन्यानबे द”ामलव दो चार करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ स्वीकृति प्रदान की है। ब्लू पोर्ट पहल के अनुरूप विकसित होने वाला यह हार्बर आधुनिक तकनीक, आईओटी आधारित प्रणालियों, सुरक्षित लंगर एवं बर्थिंग सुविधाओं से युक्त होगा। इस परियोजना से द्वीपसमूह की विशाल समुद्री क्षमता को सशक्त बनाया जा सकेगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी द्वारा श्री विजयपुरम जोन के प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए इंटर प्राइमरी स्कूल फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क तथा समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इस टूर्नामेंट में दक्षिण अंडमान के सभी प्राथमिक विद्यालय भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दक्षिण अंडमान का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। यह टूर्नामेंट प्राथमिक स्तर के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के लिए खुला है। प्रतियोगिता का आयोजन तीन फरवरी से राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा द्वीप समूह में पानी के भीतर कई गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वराज द्वीप स्थित राधा नगर बीच नंबर–7 पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर "पानी के अंदर फहराया गया सबसे बड़ा झंडा", "पानी के अंदर मानवों का सबसे ऊंचा ढेर" तथा "पानी के अंदर सबसे लंबी मानव श्रृंखला" जैसे रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा।" पानी के अंदर सबसे लंबी मानव श्रृंखला" के रिकॉर्ड प्रयास में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रमाणित स्कूबा गोताखोरों से पंजीकरण आमंत्रित किए गए हैं। केवल भारतीय नागरिक इसके लिए पात्र होंगे। प्रतिभागियों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। पचास वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र अनिवार्य है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी शाम पांच बजे तक है। आवेदन ईमेल आईडी **andaman tourism scuba@gmail.com** पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><>